अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 3 + 3
Total No. of Questions : 3 + 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
No. of Printed Pages : 15

# M-2016-I

## सामान्य अध्ययन
## GENERAL STUDIES

### प्रथम प्रश्न-पत्र
### First Paper

समय : 3 घंटे ] [ पूर्णांक : 300 (खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)
Time : 3 Hours ] [ Total Marks : 300 (Part-A 150 + Part-B 150)

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**
***Instructions to the candidates :***

इस प्रश्न-पत्र में खण्ड-अ एवं खण्ड-ब हैं । प्रत्येक खण्ड **150** अंक का है ।
This question paper consists of Part-A and Part-B. Each part carry **150** marks.

1. प्रत्येक खण्ड में कुल **तीन** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है । प्रश्न क्रमांक **02** तथा **03** में आंतरिक विकल्प हैं । प्रश्न क्रमांक **02** में शब्द सीमा **100** है तथा प्रश्न क्रमांक **03** में शब्द सीमा **300** है ।

   Each part of this question paper consists of **03** questions. ***All*** questions are compulsory. Question No. **02** and **03** have an internal choice. For Question No. **02** word limit is **100** words and for Question No. **03** word limit is **300** words.

2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है । किसी अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा । **सभी 03** प्रश्न करना अनिवार्य है । प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें ।

   Answers should be written in the medium which you have opted in your Application Form. No marks will be awarded, if the answer is written in any other medium. ***All*** the ***three*** questions must be answered. Question should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answers to the various parts of the same question should be written together compulsorily and answers of other question should not be inserted between them.

3. प्रथम प्रश्न अति लघु उत्तरीय है, जिसमें **15** अनिवार्य प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना है ।

   The first question is of very short answer type consisting of **15** compulsory questions. Each one is to be answered in ***one*** or ***two*** lines.

4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें ।

   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतर मानक माना जायेगा ।

   In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.

## खण्ड-अ

## Part- A

1. इस प्रश्न में **A** से **O** तक कुल **15** अति लघु उत्तर स्वरूप के प्रश्न हैं जिनका उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना है । आन्तरिक विकल्प नहीं है । प्रत्येक प्रश्न **03** अंकों का है । **15 × 3 = 45**

This question consists of **15** very short answer type questions from **A** to **O**. Each question is to be answered in **one** or **two** lines. There is no internal choice. Each question carries **03** marks. **15 × 3 = 45**

(A) लियोनार्डो द विंची

Leonardo da Vinci

(B) 'सामाजिक संविदा'

'The Social Contract'

(C) शक्ति-पृथक्करण का सिद्धान्त

Theory of separation of powers

(D) सारनाथ

Sarnath

(E) पंचमहाव्रत 'अक्षणुव्रत'

Panchmahavrata 'Akshnuvrata'

(F) सीताध्यक्ष

Sitadhyaksha

(G) हरिहर प्रथम और बुक्का प्रथम

Harihar I and Bukka I

(H) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती

Sheikh Muinuddin Chishti

(I) अकबरनामा

Akbarnama

(J) अहिल्याबाई होल्कर

Ahilyabai Holker

(K) कोल विद्रोह

Kol Rebellion

(L) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड

Jallianwala Bagh Massacre

(M) हरिजन सेवक संघ

Harijan Sevak Sangh

(N) डॉ. रघुवीर सिंह

Dr. Raghuvir Singh

(O) मांडू

Mandu

2. इस प्रश्न में **A** से **J** तक लघु उत्तर स्वरूप के कुल **10** प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग **100** शब्दों में देना है । प्रत्येक प्रश्न का आन्तरिक विकल्प है । प्रत्येक प्रश्न **06** अंकों का है ।

**10 × 6 = 60**

This question consists of total **10** short answer type questions from **A** to **J**. Each question is to be answered in about **100** words. Each question has internal choice. Each question carries **06** marks. **10 × 6 = 60**

(A) पुनर्जागरण की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

Describe the characteristics of Renaissance.

**अथवा/OR**

1688 की गौरवपूर्ण क्रांति के महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए ।

Evaluate the significance of the Glorious Revolution of 1688.

(B) जैन धर्म के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए ।

Discuss the main doctrines of Jainism.

**अथवा/OR**

भारत में देवदासी प्रथा पर टिप्पणी कीजिए ।

Comment on the Deodasi Tradition in India.

(C) मेगस्थनीज द्वारा वर्णित पाटलिपुत्र की नगर प्रशासनिक व्यवस्था पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

Write a short note on the city administration system of Patliputra as narrated by Megasthenes.

**अथवा/OR**

उत्तरमेरुर अभिलेख में वर्णित चोल ग्राम शासन व्यवस्था पर प्रकाश डालिए ।

Throw light on the Chola Village Sabha administration as described in Uttarmerur Inscription.

(D) मुगलकालीन सैन्य व्यवस्था का संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

Give a brief description of the Mughal military system.

**अथवा/OR**

जहाँगीर के काल में चित्रकला के विकास का वर्णन कीजिए ।

Discuss the development of painting during the period of Jahangir.

(E) रानी दुर्गावती तथा मुगल सेना के मध्य हुए युद्ध का वर्णन कीजिए ।

Discuss the battle that took place between Rani Durgavati and the Mughal army.

**अथवा/OR**

भारत पर मुस्लिम संस्कृति के प्रभाव की संक्षिप्त विवेचना कीजिए ।

Discuss in short the impact of Muslim culture on India.

(F) स्थायी बन्दोबस्त ने कृषकों को किस प्रकार प्रभावित किया ? वर्णन कीजिए ।

In what way did the Permanent Settlement affect the peasants ? Discuss.

**अथवा/OR**

भारत में परम्परागत कुटीर उद्योगों के पतन के कारण लिखिए ।

Write the causes of decline of traditional cottage industries in India.

(G) '1855-56 का संथाल विद्रोह शोषण के विरुद्ध एक तीव्र प्रतिक्रिया थी ।' व्याख्या करें ।

'Santhal Rebellion of 1855-56 was a sharp reaction against exploitation.' Explain.

**अथवा/OR**

1842 के बुन्देला विद्रोह का संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

Give a brief description of the Bundela Rebellion of 1842.

(H) जबलपुर झण्डा सत्याग्रह (1923) पर प्रकाश डालिए ।

Throw light on the Jabalpur Jhanda Satyagraha (1923).

**अथवा/OR**

स्वराज पार्टी पर एक संक्षिप्त लेख लिखें ।

Write a short note on Swaraj Party.

(I) भारत के आधुनिकीकरण में राम मोहन रॉय की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

Make an evaluation on the role of Ram Mohan Roy in the modernisation of India.

**अथवा/OR**

उदारवादियों (1885-1905) का मूल्यांकन कीजिए ।

Make an evaluation of the Liberals (1885-1905).

(J) कांग्रेस ने देश-विभाजन को क्यों स्वीकार कर लिया ? समझाकर लिखिए ।

Why did Congress accept the partition of the country ? Explain.

**अथवा/OR**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल का संक्षिप्त में विवरण दीजिए ।

Give a brief description of Indira Gandhi Rashtriya Manav Sangrahalaya, Bhopal.

3. इस प्रश्न में कुल **3** दीर्घ उत्तरीय या निबन्धात्मक प्रश्न हैं जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग **300** शब्दों में देना है । प्रत्येक प्रश्न का आन्तरिक विकल्प है । प्रत्येक प्रश्न **15** अंकों का है । **3 × 15 = 45**

This question consists of **3** long answer or essay type questions. Each question is to be answered in about **300** words. Each question has internal choice. Each question carries **15** marks. **3 × 15 = 45**

(A) फ्रांस की क्रांति में दार्शनिकों की भूमिका का उल्लेख कीजिए ।

Narrate the role of philosophers in the French Revolution.

**अथवा/OR**

1917 की बोल्शेविक क्रांति के कारणों का परीक्षण कीजिए ।

Examine the causes of the Bolshevik Revolution of 1917.

(B) प्राचीन भारत के दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से सांस्कृतिक सम्पर्क का वर्णन कीजिए ।

Discuss the cultural contact of ancient India with the South-East Asian countries.

**अथवा/OR**

सल्तनत कालीन मालवा के सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालिए ।

Throw light on the social life of Malawa during Sultanate period.

(C) कश्मीर समस्या पर एक निबन्ध लिखिए ।

Write an essay on the Kashmir problem.

**अथवा/OR**

मध्य प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का विवरण दीजिए ।

Give a description of the main historical tourist places of Madhya Pradesh.

## खण्ड-ब

## Part- B

1. **प्रश्न क्रमांक 01** में कुल **15 अत्यन्त लघु** उत्तर स्वरूप के प्रश्न दिये गए हैं । प्रत्येक उत्तर **एक** या **दो** पंक्तियों में देना होगा । सभी प्रश्न **A** से **O** तक अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न **03** अंक का है । यह प्रश्न कुल **15 × 3 = 45** अंकों का है ।

**Question No. 01** consists of **15 very short** answer-type questions. Answer to each of them is to be given in **one** or **two** lines. **All** questions from **A** to **O** are compulsory and are of **03** marks each. In this way, the total marks assigned to Question No. **01** are **15 × 3 = 45** marks.

(A) मध्य प्रदेश के बुंदेलखण्ड पठार की अवस्थिति ।

Location of Bundelkhand Plateau of Madhya Pradesh.

(B) क्रेटर झील को परिभाषित करें ।

Define Crater Lake.

(C) सौर्यिक स्थिरांक को परिभाषित करें ।

Define solar constant.

(D) जलवायविक आपदाओं के प्रकार ।

Types of climatic disasters.

(E) मध्य प्रदेश के चारों ओर स्थित राज्यों के नाम बताएँ तथा राज्य का अक्षांशीय और देशान्तरीय विस्तार लिखें ।

Name the states which surround the M.P. and state its longitudinal and latitudinal extent.

(F) सर क्रीक क्या है ?

What is Sir Creek ?

(G) मध्य प्रदेश में नहर सिंचाई के विकास के प्रतिकूल कारक क्या हैं ?

What are the unfavourable factors for development of canal irrigation in Madhya Pradesh ?

(H) बताएँ कि किरकुक किस आर्थिक क्रिया के लिए प्रसिद्ध है ।

Explain 'Kirkuk' is famous for which economic activity.

(I) 'ग्रेट डिवाइडिंग रेंज' को परिभाषित करें ।

Define 'The Great Dividing Range'.

(J) टोंस नदी का उद्‌गम स्थल क्या है ?

Which is the place of origin of Tons ?

(K) भारत में मैंगनीज के मुख्य उत्पादक राज्यों को बताएँ ।

Mention the key producing states of manganese in India.

(L) भारत में लिंग अनुपात की गणना के लिए किस सूत्र का उपयोग होता है ?

Which formula is used for the calculation of sex ratio in India ?

(M) भारत के किस भौगोलिक क्षेत्र में थारु जनजाति रहती है ?

Which are the geographical areas occupied by 'Tharu' tribe in India ?

(N) अपभू तथा उपभू ज्वार का अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

Differentiate between Apogean and Perigean Tides.

(O) प्रशान्त महासागर का ज्वालावृत्त।

Fire Ring of Pacific Ocean.

2. **प्रश्न क्रमांक 02** में कुल **15 लघु** उत्तर स्वरूप के प्रश्न दिए गए हैं । प्रत्येक उत्तर लगभग **100** शब्दों में देना है । कुल **10** प्रश्नों का उत्तर देना होगा । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । यह प्रश्न कुल **10 × 6 = 60** अंकों का है ।

**Question No. 02** consists of **15** short-answer type questions, out of which only **10** questions are to be answered. Each answer is to be written in about **100** words. Each question bears the weightage of **6** marks. In this way, the total marks assigned to Question No. **02** are **10 × 6 = 60** marks.

(A) मध्य प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 जिलों के नाम लिखें तथा उसके कारण बताएँ ।

Name the 10 districts of M.P. which have the highest population as per 2011 Census and state the cause.

(B) अतिसंवेदनशील आदिवासी समूहों के विशेष संदर्भ में मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों का एक संक्षिप्त विवरण दें ।

Give a brief account of the Scheduled Tribes in Madhya Pradesh with the special reference to the Vulnerable Tribal Groups.

(C) मध्य प्रदेश के फसल परिक्षेत्र का वर्णन करें ।

Describe the crop zones of M.P.

(D) भोपाल गैस त्रासदी एवं उसके कारणों का वर्णन करें ।

Describe the Bhopal Gas Tragedy and its causes.

(E) भूजल पुनर्सम्भरण (Recharge) और निःस्राव (Drift) के प्रमुख कारकों का वर्णन करते हुए गंगा, नर्मदा और कृष्णा नदी क्षेत्र में भूजल संसाधन क्षमता का संक्षिप्त वर्णन करें ।

Give a brief account of the ground-water resource potential of the Ganga, Narmada and Krishna basin after describing the sources of their recharge and drift.

(F) आपदा न्यूनीकरण के उद्देश्यों और उसके उपायों का वर्णन कीजिए ।

Discuss the objectives and measures for disaster mitigation.

(G) मध्य प्रदेश में पीने के पानी के स्रोतों और उपलब्धता का संक्षिप्त ब्योरा दें ।

Give brief account of the sources and availability of drinking water in Madhya Pradesh.

(H) मध्य प्रदेश राज्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-कौन से हैं और मध्य प्रदेश के विकास में उनका क्या महत्त्व है ?

List the national highways passing from the state of Madhya Pradesh and what are their importance in development of the State ?

(I) हिमालय देश का एक विशिष्ट भू-आकारिकी प्रदेश है । इसकी समानान्तर श्रेणियों की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

Himalaya is a distinct physiographic region of the country. Bring out the salient features of its longitudinal ranges.

(J) मध्य प्रदेश में गेहूँ और चावल के उत्पादक क्षेत्रों का वितरण दीजिए ।

Give the distribution of wheat and rice producing areas in the State of Madhya Pradesh.

(K) गंगा नदी प्रणाली का विवरण दीजिए एवं इसकी प्रमुख सहायक नदियों के नाम बताएँ ।

Give an account of Ganga River system and name its important tributaries.

(L) कृषि आधारित उद्योगों के स्थानीयकरण को प्रभावित करने वाले कारकों का विवरण दीजिए ।

Give a detail account of the factors affecting the location of agro-based industries.

(M) भारत में 1901 से जनसंख्या वृद्धि दर एवं क्षेत्रीय प्रतिरूप का वर्णन कीजिए ।

Describe the rate and spatial pattern of growth of population in India since 1901.

(N) स्टैलैक्टाइट और स्टैलेग्माइट की प्रमुख विशेषताओं तथा उनके निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

Describe the salient features of stalactites and stalagmites and process of their formation.

(O) मध्य प्रदेश में पाये जाने वाले वनों के क्षरण की समस्या तथा निदान के उपायों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the problem of forest depletion in Madhya Pradesh and describe its solutions.

3. **प्रश्न क्रमांक 03** में कुल **पाँच** प्रश्न दिये गये हैं । प्रत्येक उत्तर लगभग **300** शब्दों में होना चाहिए । कुल **03** प्रश्नों का उत्तर देना होगा । इस प्रकार यह प्रश्न कुल **3 × 15 = 45** अंकों का है ।

**Question No. 03** consists of **05** questions, out of which only **03** questions are to be answered. Each answer is to be written in about **300** words. In this way, the total marks assigned to Question No. **03** are **3 × 15 = 45** marks.

(A) प्रायद्वीपीय भारत की भू-आकृति का वर्णन करते हुए उसके भू-आकृतिक उपक्षेत्रों का विवरण दीजिए ।

Give an account of the physiography of Peninsular India and describe its physiographic sub-regions.

(B) मध्य प्रदेश के खनिज और ऊर्जा संसाधनों का वर्णन कीजिए ।

Describe the minerals and energy resources of Madhya Pradesh.

(C) मध्य प्रदेश में मिट्टी के प्रकारों, उनकी विशेषताओं तथा उनके वितरण का विस्तृत विवरण दीजिए ।

Give a detailed account of the soil types, their characteristics and their distribution in Madhya Pradesh.

(D) भारत में सिंचाई के प्रकार और उसके वितरण पैटर्न पर प्रकाश डालिए और देश के कृषि विकास में उनकी भूमिका भी लिखिए ।

Throw the light on the types of irrigation and their distribution pattern in India and write about its role in agricultural development of the country.

(E) मध्य प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों तथा उनमें पाये जाने वाले उद्योगों का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

Describe in detail the industrial zones and their major industries in Madhya Pradesh.

---